Many senior Members, who preceded me, referred to the serious drought prevailing in their respective States. I would also like to refer to the frightening drought prevailing in Tamil Nadu. I will not be wrong in saying that drought has enveloped Tamil Nadu. In the Rajya Sabha, the hon. Minister of State for Agriculture has sent stated that the Government of Tamil Nadu has not sent any report about drought to the Central Government. At the same time, the hon. Minister of Revenue in Tamil Nadu Government, Shri S. D. Somasundaram, has stated that the Government of Tamil Nadu has already sent the report about drought to the Central Government. The AIADMK Member in this House has also referred to this in his speech the other day and nas confirmed about the drought report having been spent to the Central by the Government of Tamil Nadu. I do not know which is true and which is false. The people of Tamil Nadu are caught between the devil and the

*The original speech was delivered in Tamil.

(Shri Kandaswamy).

deep sea because of such misleading politics.

Irrespective of the fact whether a report about drought has been received from the Tamil Nadu Government or not, I demand that the Government of India should send immediately the officials team to assess the extent of drought and submit its report to the Centre. You know, Sir, that without such a report the Finance Ministry will not release money for drought relief. I appeal to the hon. Minister to despatch immediately the Centre's Team to Tamil Nadu and get the extent of drought assessed, after which the required financial assistance must be rendered for fighting the frightening drought.

Instead of fighting drought on a war footing, the Chife Minister of Tamil Nadu is implementing the nutritious food scheme, which costs annually Rs. 200 crores to the public exchequer. On the one hand the Government of Tamil Nadu is not lifting the foodgrains allotted under the National Rural Employment Programme and on the other hand the State Government is demanding huge quantities of food grains, more than the actual requirement. In order to create distrust in the minds of people about the Central Government, the State Government does not hesitate to charge the Central Government that required quantum of foodgrains are not being allotted to the State of Tamil Nadu. Unfortunately, 5 crores of Tamil people have become pawns in the political game of Chess. The skies have deceived the people. Their perennial river Cauvery is drying up. Their State Government has let them down without solving the basic problem of water. The Centre is too far away to come to their rescue.

The 1924 Cauvery Waters Agreement came to a close in 1974. The ruling party in Tamil Nadu, including the Chief Minister, Thiru MGR, is charging that the Cauvery waters dispute has assumed such gigantic proportions because of the indifference of Thiru Karunanidhi, the then Chief Minister of Tamil Nadu for about two years. After the close of this agreement in 1974, Thiru Karunanidhi was in office for just one year, during which period he was making ceaseless efforts in having a fresh agreement on Cauvery waters. He was frequently taking up with the Centre about the necessity for having a fresh agreement. Unfortunately, Thiru Karunanidhi's Government was not allowed to be in office for long after this.

What is the present Chief Minister, Thiru MGR, doing about this, after his party came to power? During the short intervening period of just one year, no agreement on Cauvery waters could be arrived at during the rule of D.M.K. between 1974 and the beginning of 1976. The AIADMK Government is in power there from 1977. The Chief Minister of Tamil Nadu, Thiru MGR, is not attending even the meetings of Chief Ministers convened for discussing this issue. With all the force at my command, I charge that the Chief Minister of Tamil Nadu, Thiru MGR, has not shown any interest in getting Cauvery waters to Tamil Nadu.

I am afraid that the Karnataka Government is building up superstructures on the cemetry of 5 crores of Tamil people who are being roasted alive in drought because of failure of monsoon and because non-supply of Cauvery waters to Mettur Reservoir by Karnataka Government. The Mettur Reservoir has the capacity to hold 120 ft. of water. Today there is just 15 ft. of water in Mettur Reservoir. The districts of Thanjavur and Tiruchirappalli, which are known as the 'RICE BOWL' of Tamil Nadu and the adjoining districts of Periyar and Salem are fast becoming arid zones. One is alarmed at seeing the distressing news about drought in Tamil Nadu, which the national dailies are published day after day. Unfortunately, yet no action seems to have been initiated to fight this drought.

Sir, it is really regrettable that Karnataka is holding Tamil Nadu to ransom by not supplying Cauvery waters. The Government of Karnataka is emboldened to do this because it has constructed Haringi, Hemavathi and Kabini reservoirs at an investment of Rs. 250 crores on the tributaries of Cauvery without tahe approval of the Central Planning Commission, though the construction of such dams is prohibited on the rivers, which are covered by inter-state dispute. The people of Tamil Nadu are not far wrong when they feel that the Centre is in complicity with Karnataka State because no objection has been lodged with the State for construction of dams on Cauvery without the permission of Central Planning Commission. Sir, if Mettur Reservoir dries up, then Tamil Nadu inevitably dries up. Consequently the woes of 5 crores of Tamil people would be beyond any remedy. I demand that the Government of India must direct the Karnataka Government to supply adequate quantity of Cauvery waters to Mettur Reservoir immediately. Then only Tamil Nadu can be saved from extinction.

Tamil Nadu is also in the grip of inadequate electric power supply. On account of paucity of water, the generation of electricity in hydel projects has come to a standstill. Similarly, on account of non-availability of coal, the thermal electric projects are also on the verge of closure. In reply to a question on the floor of this House, it has been stated that the Kalpakkam Atomic Power Plant, near Madras, may take another decade to complete and to start power generation. It will be no exaggeration to say that Tamil Nadu is being enveloped by darkness from all sides—paucity of water and non-availability of electric power. I demand that more funds should be allocated for power generation in Tamil Nadu. More coal should be rushed to Tamil Nadu for generating more power in Thermal Station.

It is really unfortunate that after 1967 no big industrial unit under the Central public sector has been given to Tamil Nadu. When DMK was ruling Tamil Nadu we extended all the necessary help to the Centre in setting up Salem Steel Plant. Instead of utilising the ores available nearby and also the coal from Neiveli, now this Salem Steel Plant has just become a steel re-rolling mill. 1000 acres of land were acquired for this Steel Plant, and that land is still lying vacant. The people who gave this land have also not got job opportunities in Salem Steel Plant. While about Rs. 2000 crores have been allocated for Vizag Steel Plant in Andhra Pradesh, I wonder why this kind of step-motherly treatment be given to Salem Steel Plant in Tamil Nadu? Sir, I demand that Salem Steel Plant must become really a steel plant, according to its original project report. Steps should be taken in this direction by the Centre.

I need not tell that Madras is one of the four metropolitan cities in the country. Yet, there is acute drinking water scarcity in Madras city. No permanent solution to this problem has yet been found. The people are purchasing drinking water. After the removal of D.M.K. Government in 1976, while addressing a mammoth public meeting in Madras, our hon. Prime Minister assured the people of Madras that water from Krishna river in Andhra Pradesh would be brought to Madras city. Still this assurance has not seen the light of the day and the people of Madras city are facing severe epidemics in the absence of drinking water. I demand that the Centre should ensure that the problem of drinking water in Madras city is resolved immediately.

In these Supplementary Demands, more funds are being allocated for industrially backward areas. So far as Tamil Nadu is concerned, Salem district is industrially backward and more funds should be allocated for starting industries in Salem District. Unless there is industrial development in such of these backward areas, there is no

[Shri M. Kandaswamy]

redemption for the people of this area in the matter of getting job opportunities. The perennial unemployment problem can be solved only by starting more industries in industrially backward areas.

I find that sustantial sums are being spent on Radio and Television. Many hon. Members of this House have eagerly enquired about the Colour TV era in India. It is really a matter of regret and condemnation that in Madras TV more time is being allotted for Hindi features than for Tamil features. So far as Tamil people are concerned, they will not accept Hindi. They will close the TV if such open patronage is being extended to Hindi in Madras TV features. It is no use using, seeing them without knowing the language. I want that the Central Government should ponder over this question whether the imposition of Hindi on non-Hindi speaking people through Madras TV will not prove injurious to national integration. The people of Tamil Nadu are committed to national unity and they are an inalienable part of the nation. Yet the national integration is being jeopardised by this kind of encouraging Hindi in Madras TV. I demand that Hindi features in Madras TV should be restricted to 15 or 10 minutes a day as has been the practice so far. This is very essential to nurture and nourish national integration.

Before I conclude, I demand on behalf of D.M.K. that the Central Government should get the extent of drought in Tamil Nadu assessed by sending immediately a Team to Tamil Nadu and after that adequate funds must be allocated for fighting the drought in Tamil Nadu. The Government of Karnataka must be directed by the Centre to immediately supply substantial quantum of Cauvery water to Mettur Reservoir and thus save the people of Tamil Nadu. The Centre has settled the Farakka water dispute, with the neighbouring country, Bangla Desh. Similarly, the Centre must settle the Cauvery water dispute between the two States within the country.

श्री हरीश कुमार गंगवार (पीलीभीत): सभापति महोदय, सप्लीमेंटरी डिमांड्ज फार ग्रान्ट्स तो पास होंगी ही। इस अवसर को मैं दो तीन बातें कहने के लिये इस्तेमाल करना चाहता हूँ।

पहली बात इंडियन आयल कार्पोरेशन के बारे में है। छः सात महीने पहले फैजाबाद में टांडा के स्थान पर एक डीजल पम्प शिड्यूल्ड कास्ट हरिजनों की श्रेणी के लिये विज्ञापित किया गया। उसके लिये हरिजन लोगों ने प्रार्थनापत्र दिये। लेकिन बाद में उसको जेनरल कैटेगरी में डाल कर वह डीजल पम्प किसी दूसरे को दे दिया गया, उन हरिजनों को नहीं दिया गया, उनका इंटरव्यू भी नही लिया गया। उसको जनरल कैटेगरी कर दिया गया। श्रीमान्, इस ओर मैं आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि आपके यहां कुछ डीजल पम्पस बिक्री किये जा रहे हैं। मेरी बात आपको कुछ कड़वी लग सकती है। मैं यहां आपको स्पेसिफिक उदाहरण दे रहा हूं। बरेली में भूला का डीजल पम्प आपने विज्ञापित किया। उसके बाद नीचे से चार लोगों की लिस्ट बनाई गई। उस लिस्ट में से जिसका नम्बर पहला और दूसरा था, उसको नहीं दिया गया बल्कि चौथे आदमी को वह पैट्रोल पम्प दे दिया गया। उनमें से एक आदमी ने आई० ओ० सी० के आफिसर के पास 20 हजार रुपया जमा करवाया था लेकिन आज तक उस मामले में दूसरे को डीजल पम्प दिये जाने के बाद भी उसका 10 हजार रुपया तो अफसर ने वापस कर दिया और बाकी 10

हजार अभी देना रहता है। न तो उसको डीजल पम्प दिया और न उसको उसका बाकी 10 हजार रुपया वापिस हुआ। इट इज इन माई पसर्नल नौलेज। यह आपके यहां डीजल पम्प देने के मामले में हो रहा है।

एक माननीय सदस्य : आप पत्र लिखें।

श्री हरीश कुमार गंगवार : पत्र लिखूंगा तो किसी को मालूम नहीं होगा इसीलिये मैं सदन में बता रहा हूं। मैं उस के संबंध में गवाही दिलवा सकता हूं। क्योंकि जिसने पैसा दिया, उसने पहले नहीं बताया, लेकिन जब उसको वापस नहीं मिला तो उसने बताया। दिल्ली से जाते समय उसने बताया कि उसको 10 हजार रुपया वापस मिल गया है। अब भी 10 हजार देने को बाकी रहता है।

तीसरी बात मैं यहां पर कुकिंग गैस की एजेंसी देने के बारे में कहना चाहता हूं। बरेली में आपने गैस की दो एजेंसी देने के सम्बन्ध में अखबारों में विज्ञापित किया। मैं आपको बस एक वही उदाहरण देना चाहता हूं, वहीं काफी होगा, स्थिति को समझने के लिए। करीब 7–8 महीने पहले आपने वहां वितरक को नियुक्ति करने के लिए जब विज्ञापन दिया, तो उसके लिए आपने कोई इंटरव्यू नहीं किया। सौ से ऊपर लोगों ने दरख्वास्तें दीं मगर किसी को इंटरव्यू के लिए नहीं बुलाया गया। उसके बदले वहां के एक पूंजीपति, जो कि एक एम० एल० सी० भी हैं, उनके लड़के को एक एजेंसी और उस लड़के की जहां शादी हुई है, यानी उसके ससुर के निजि परिवार को दूसरी एजेंसी दे दी गई। अब वे दोनों वहां गैस की एजेन्सियां चला रहे हैं अराम से।

एक माननीय सदस्य : बहुत बढ़िया हुआ . . .

श्री हरीश कुमार गंगवार : उस लड़के की अभी शादी हुई है। उसमें से एक एजेंसी उसे मिल गई और दूसरी उसके ससुर के निजि परिवार की। इस तरह दोनों एजेन्सियां आपने एक ही परिवार में दे दीं और किसी का इंटरव्यू नहीं लिया। यह आपके समय में हो रहा है। यदि आपने ऐसा ही करना है तो फिर सोश्यलिज्म आ गया। आप इसी तरीके से काम करते जाईये। जब भी कोई भूले भटके से मेरे पास आ जाता है और कहता है मुझे एजेंसी चाहिए तो मैं उनको यही कहता हूं कि मेरा इससे कोई सम्बंध ही नहीं है तेल मंत्री जानें। वे कहते हैं कि एक लाख रुपया दे दो तो एजेन्सी मिल जाएगी तो मैं कहता हूं कि आप दे दो एक लाख रुपया जा कर, मैं उसमें क्या कहूं। ऐसा आपके बारे में जनता का ख्याल है। आपकी पैट्रोलियम मिनिस्ट्री की एक झलक मैं आपको बता रहा हूं कि किस तरीके से एक एम० एल० सी० के लड़के और उसके ससुराल वालों को गैस की एजेन्सियां दी गई। इन सब से यह विचार पुख्ता होता है कि आप कहां जा रहे हैं। आप इसकी जांच करवा लीजिए। मैं आपसे सही कह रहा हूं क्योंकि मेरे जिले का मामला है।

श्रीमन्, तीसरी बात में देहरादून के इण्डेन गैस के वितरक के बारे में कहना चाहता हूं। लगभग तीन चार साल पहले देहरादून की गैस वितरण करने वाली फर्म पर कानपुर के इंकम टैक्स के अधिकारियों ने छापा मारा और उस दौरान उस फर्म में जो गैस बुकिंग रजिस्टर होता है, वे उसको भी ले गए, जिसमें लोगों ने गैस लेने के लिए अपने नाम लिखाये हुए थे ताकि उनका नम्बर आने पर गैस मिल सके। जब इन्कम टैक्स के लोग उस रजिस्टर को भी उठा कर ले गए तो पिछले 3 सालों से वहां के

[श्री हरीश कुमार गंगवार]

लोग काफी लिखत पढ़त कर रहे हैं, परेशान हैं, कि कम से कम उस रजिस्टर की फोटो कापी ही उन्हें मिल जाए जिससे वे पुराने रजिस्ट्रेशन को आधार मानकर गैस ले सके। क्योंकि उनके नाम उसी रजिस्टर में दर्ज हैं। यदि वे फिर से अपना नाम दर्ज करायेंगे तो उनको काफी समय बाद गैस मिलेगी, जबकि पुराने रजिस्ट्रेशन के आधार पर उनका नम्बर जल्दी आ जाएगा। लेकिन वह रजिस्टर इन्कम टैक्स वाले वापस नहीं कर रहे हैं। आप कहते हैं कि मैं चिट्ठियां नहीं लिखता हूं, मैंने इसके बारे में दो चिट्ठियां लिखी हैं, लेकिन मुझे कोई जवाब नहीं मिला है। मैंने बरेली के डिवीजनल आफिस के अधिकारियों को चिट्ठियां लिखी हैं परन्तु मुझे उसके बारे में कोई जवाब नहीं मिला है। इस मामले के कारण देहरादून के हजारों लोग परेशान हैं। वे बेचारे आई० ओ० सी० के बरेली आफिस और दिल्ली आफिस को लिखते लिखते हार गए मगर अधिकारी इन्कम टैक्स वाले उस रजिस्टर को वापस कराने का नाम ही नहीं लेते हैं, जब कि उनका उस रजिस्टर से किसी प्रकार का सम्बन्ध नहीं है। उसमें तो खाली लोगों के नाम ही दर्ज हैं। मैं उनको लिखता हूं तो मेरा भी जवाब नहीं मिलता. . . .'(व्यवधान).... इस सम्बन्ध में मेरे पास कोई एकनालेजमैंट भी नहीं आया है ....

एक माननीय सदस्य : क्या उसका कोई एकनालेजमेंट भी नहीं आया ....

श्री हरीश कुमार गंगवार : जी नहीं, देहरादून वाले मामले में मेरे पास कोई एकनालेजमैंट भी नही आया है।

श्रीमन् यह हो रहा है। श्रीमन् मैं 15–20 मिनट से कम नहीं बोलूंगा।

MR. CHAIRMAN: You have already made three points.

SHRI HARISH KUMAR GANGWAR: I have to cover many more points.

MR. CHAIRMAN: You have many points. There are many occasions when you can make those points. Now, in a phased manner, you can make those points.

SHRI HARISH KUMAR GNAGWAR: I am doing that.

श्रीमन् मैं कहना चाहता हूं कि देश भर में बहुत से पिछड़े जिले हैं। उनके औद्योगिकीकरण के सम्बन्ध में सरकार की क्या नीति है, यह सामने आनी चाहिये। मैंने पिछली दफा यह मामला 377 में में भी उठाया था। उसके ऊपर मेरे पास जवाब आया कि हमने एक कमेटी बिठा दी है जो यह पता लगायेगी कि कौन पिछड़ा जिला है, कौन पिछड़ा जिला नहीं है। अभी उद्योग मंत्री जी का वक्तव्य आया जिसमें यह बताया गया कि 82 जिले पिछडे रखे गये हैं। लेकिन उसका क्या अर्थ है। हमारे यहां नैनीताल-कम-बहेड़ी कांस्टीच्युन्सी है, उसमें ही सारे उद्योग धंधे जा रहे हैं। काशीपुर एक कस्बा टाइप का है और इसी में आता है। चाहे किसी किस्म का उद्योग धंधा हो सब वहीं जा रहा है। उसके सौन्दर्यकरण के लिए एक करोड़ रुपए की योजना है। अगर पेयजल की व्यवस्था हो रही है तो वहीं हो रही है, इलेक्ट्रोनिक्स का कारखाना जा रहा है तो उसी क्षेत्र में जा रहा है। दूसरे कारखाने जा रहे हैं तो वहीं जा रह हैं। मैं यह नहीं कहता कि आप वहां की तरक्की न करिये लेकिन सभी जगह की बलेंसड तरक्की करिये।

मेरा पीलीभीत का पिछड़ा जिला है। वह वनों का इलाका है। हमने कहा कि

वहां पक पेपर मिल दे दीजिए, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं / वहां न कोई सरकारी उद्योग है और न ही कोई गैर-सरकारी उद्योग है ।

श्रीमन्, रामपुर, हलद्वानी में बड़ी लाइन पड़ सकती है लेकिन पीलीभीत का जिला जोकि नेपाल के बार्डर से जुड़ा हुआ है, वहां बरेली से पीलीभीत हो कर बड़ी लाइन निकालने की हम मांग करते हैं तो वह पूरी नहीं की जाती है । यह लाइन डिफेंस परपज के लिए बहुत आवश्यक है । इस पर कोई कार्यवाही नहीं होती और इसलिए नहीं होती क्योंकि वहां का कोई प्रभावशाली मिनिस्टर हमारी सरकार में नहीं है जो कि वहां उद्योग धंधे स्टार्ट करवाता, रेलवे लाइन डलवाता । सभी जगह रेलवे लाइन पड़ रही है । दक्षिण भारत में भी पड़ रही है । (व्यवधान) हम तो कहते कहते हार गये, लेकिन वहां बड़ी लाइन का कोई प्रपोजल सरकार ने नहीं बनाया । बरेली से पीलीभीत का सारा का सारा एरिया नेपाल वार्डर से लगा हुआ है और इस लाइन से डिफेंस की जरूरत भी पूरी होती है । इसके न होने से भी हमारे यहां उद्योग धंधे नाम की कोई चीज नहीं है ।

MR. CHAIRMAN: You should confine youself to the Supplementary Demands. You can conclude now.

SHRI DHANIKLAL MANDAL: (Jhanjharpur): This is the only occasion when Members can ventilate their grievances.

श्री हरीश कुमार गंगवार : श्रीमन्, मैं एक बात और कहना चाहता हूं । पीलीभीत में शारदा नदी पर धनाराघाट में पुल बनना चाहिये । 62 की लड़ाई में चीनी लोग वहां तक कार ले कर आ गये थे । जब पुलिस को खबर की गयी तो पुलिस चार घंटे के बाद वहां पहुंची तब तक वे लोग चले गये । इस सारे काम में चार घंट लग गये । उस समय डिफेंस मिनिस्ट्री का यह प्रपोजल था कि शारदा नदी पर धनाराघाट पर पुल बनाया जाएगा । बाद में लड़ाई खत्म हो गयी तो वह प्रपोजल भी खटाई में पड़ गया । डिफेंस के परपज से यह बहुत महत्वपूर्ण पुल है । इसकी स्ट्रेटिजिक इपार्टेंस है । इस पुल को स्टेट गवर्नमेंट पर नहीं छोड़ना चाहिये, क्योंकि स्टेट गवर्नमेंट के पास इतने साधन नहीं हैं । यह कार्य सेन्ट्रल गवर्नमेंट को करना चाहिये । शारदा नदी पर यह पुल बहुत जरूरी है क्योंकि पीलीभीत की सीमा नेपाल से मिलती है और नेपाल के जरिए से चीन से मिलती है । उस स्थान पर यह पुल बनना बहुत आवश्यक है ।

एक बात मैं और कहना चाहता हूं । 1969 में कांग्रेस पार्टी का ऐतिहासिक विभाजन हुआ था । उसके बाद जो बम्बई का अधिवेशन हुआ था, चूंकि उस समय श्रमिकों में और जनता में बहुत बड़ा असन्तोष था, उसको समाप्त करने के लि और उनको अपने पक्ष में करने के लिए माननीय पंडित कमलापति त्रिपाठी जी ने जो कि इस समय सदन में उपस्थित हैं, उस अधिवेशन में एक प्रस्ताव रखा था कि उत्तर प्रदेश में चीनी मिलों का राष्ट्रीयकरण किया जाएगा । लेकिन वह 1969 से ले कर आज तक नहीं हुआ । कांग्रेस सरकार हर दफा इसको दोहराती रही है कि नेशनलाइज करेंगे लेकिन वह 1982 तक नहीं किया गया । अब सुना है कि किसी कारणवश सरकार चीनी मिलों का राष्ट्रीयकरण नहीं कर रही है । प्राइवेट गन्ना फैक्टरियां क्या कर रही हैं ? नेशनलाइजेशन के डर से हर साल लोन ले लेती है और जिस काम के लिए वे लोन लेती हैं, उस काम पर वह खर्च न कर,

[श्री हरीश कुमार गंगवार]

उसमें से अपनी कमाई निकाल लेती हैं और अपनी पाकिट में डाल लेती हैं। श्रमिकों की ग्रेच्युटी नहीं देती, उनका प्राविडेंट फंड नहीं देतीं। वे किसानों का पैसा नहीं दे रही हैं वे यह सोचती हैं कि अगर नेशनेलाइजेशन हो जाता है तो उनको इस पैसे का भुगतान नहीं करना पड़ेगा तमाम पैसा सरकार के जिम्मे पड़ जाएगा। यह हालत आज चीनी मिलों की है।

हमारे पीलीभीत में एक प्राइवेट चीनी फैक्टरी है। वहां 20 लाख रुपये से ज्यादा कीमत की फर्जी पर्चियां बनायी जाती हैं। फर्जी पर्चियां इस तरह से बनायी जाती हैं। तौल केन्द्र पर 25 क्विंटल गन्ना किसान का तौला गया लेकिन किसान की पर्ची पर 20 क्विंटल गन्ना लिखा गया उसका पांच क्विंटल गन्ना मार लिया। उस पांच क्विंटल की एक्स्ट्रा चीनी बना कर बिना एक्साइज ड्यूटी दिए चीनी बाहर निकाल कर बेच दी। शाम को उस गन्ने की फर्जी पर्ची बना दी। यह सब एक्साइज इंस्पेक्टर से मिलीभगत से होता है। पीलीभीत की इस शूगर फैक्टरी के खिलाफ कोई कार्यवाही भी नहीं होती है क्योंकि उसके मालिक एक मंत्री के बहुत बड़े भक्त हैं। कोई भी शिकायत करता रहे लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की जाती। श्रमिकों का लाखों रुपये का प्राविडेंट फंड जमा नहीं किया, ग्रेच्युटी का पैसा जमा नहीं किया है।

इसी तरह से रेल के डिब्बों में दो सौ क्विंटल माल की कपेसिटी है लेकिन तीन सौ क्विंटल माल लाद दिया जाता है और किराया दो सौ क्विंटल का देते हैं। स्टेशन मास्टर की मिलीभगत से यह सब होता है। इसकी जांच हुई और यह बात सही पायी गयी उसके बावजूद वह स्टेशन मास्टर वहीं है। सरकार के कान पर ऐसी बातों की जूं नहीं रेंगती। बारबार मैं खतों के जरिए कह रहा हूं कि सरकार को चीनी मिलों का राष्ट्रीयकरण करना चाहिये लेकिन कोई सुनवाई नहीं।

ऐसे ही एक मझोला शूगर फैक्टरी पीलीभीत है। उसके शीरा क्लर्क रशीद अहमद पारो हैं। जब उसने यह देखा कि तीन लाख रुपए का शीरा जनरल मैनेजर बेच कर हजम कर गये हैं तो उसने चिट्ठी लिख दी कि इसकी जांच की जाये। जनरल मैनेजर ने उसकी जांच से पहले ही उसको सस्पेंड कर दिया। आठ महीने हो गये वह अभी तक सस्पेंड है। इस बीच में जांच हुई और शिकायत सही पायी गयी शीरा क्लर्क रशीद अहमद पारो के विरुद्ध कोई आरोप नहीं पाया गया लेकिन जनरल मैनेजर के खिलाफ कुछ नहीं हुआ और वह शीरा क्लर्क अब तक सस्पेंड है। यह ऐसा ही है जैसा कि मारुति के मामले में माननीय उन्नीकृष्णन् ने यहां मामला उठाया था कि गवर्नमेंट ने सी० एफ० ब्राउन का कांट्रेक्ट क्यों कैंसिल कर दिया और दूसरी इटैलियन फर्म को दे दिया? बजाए इस बात की जांच होती यह जांच की गयी कि यह भेद और कागज कैसे लीक हुये। इस के लिए अफसरों को सस्पेंड किया गया और कुछ को अरेस्ट करके जेल भी भेजा गया। ऐसा ही इस फैक्टरी में भी हुआ। जिस पर कोई चार्ज नहीं उसको तो सस्पेंड कर दिया गया और जिस अफसर के खिलाफ जांच हुई और शिकायत को सही पाया गया उसके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गयी।

इसीलिए मैं यह कह रहा हूं कि शूगर मिलों की पालिटिक्स सारे देश में है। वह चाहे महाराष्ट्र हो, चाहे यू० पी० हो, सब जगह की शूगर फैक्टरी वाले चुनावी राजनीति चलाते हैं। इसीलिए सरकार इन के मिल-मालिकों का कुछ नहीं बिगाड़

पाती और इनकी मिलों का राष्ट्रीयकरण नहीं करती ।

पहली मेरी मांग यह है कि कृषि की उन्नति के लिए कृषि बीमा योजना शीघ्र लागू की जाये ।

अगर आप चौखंभा राज्य चलाना चाहते हैं तो जिस तरह से पार्लियामेंट, असेम्बली में और नगरपालिकाओं और जिला परिषदों में बजट होता है, उसी तरह से ब्लाक और ग्राम पंचायत का बजट भी उनके हाथ में दीजिए, उसको पास करने दीजिए । उनके पास कोई साधन नहीं हैं। कैसे उन्नति होगी । तालाब चले गये, जमीनें चली गयीं, कुछ नहीं रह गया, प्रधान क्या करेगा ?

इसी प्रकार गांवों को सड़कों से जोड़िये । यदि आप सही माने में देहात का डेवलपमेंट करना चाहते हैं तो शिक्षा, बिजली से पहले सड़क दीजिए। इसके बिना ग्रामीण क्षेत्र का भला नहीं हो सकता।

शिक्षा के बारे में मैं कहना चाहता हूं कि प्राइमरी स्कूलों में कोई पढ़ाई नहीं होती है, इस ओर ध्यान देने की जरूरत है । यह इसलिए हो रहा है कि जिला परिषदों के हाथ से स्कूलों को ले लिया गया है और ये सरकार के हाथ में चले गये हैं । इस ओर भी ध्यान दीजिए और इनकी हालत में सुधार करवाइए । कान्वेंट स्कूल में सभी साधन उपलब्ध होते हैं और प्राइमरी स्कूलों में जहां पट्टी पर बैठना पड़ता है, कई बार तो पट्टी भी घर से लानी पड़ती है, इन विद्यार्थियों में कैसे समानता लायी जाएगी । एक बच्चा कलेक्टर और कमिश्नर बनेगा और दूसरा जो पट्टी पर बैठता हैं वह क्या बनेगा । इसलिए मेरा निवेदन है कि कान्वेंट स्कूलों को समाप्त करके शिक्षा में एकरूपता लायी जानी चाहिये । इन शब्दों के साथ मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे समय दिया ।

SHRI PATTABHI RAMA RAO: Sir, I may make it clear to the House that two hours have been allotted to this Bill. There are two more Bills pending. My friend, Mr. Gangwar, has already taken more than half-an-hour.

SHRI HARISH KUMAR GANGWAR: No, Sir. I have started at 3.16 hrs. I have taken only 16 minutes.

SHRI PATTABHI RAMA RAO: At this rate I do not think we can finish it even in two days. Sir, you must adjust the time allotted for this Bill with the number of speakers so that each Member may be given minimum time.

MR. CHAIRMAN: Now, Mr. Dhanik Lal Mandal will be very brief.

श्री धनिक लाल मंडल : माननीय कभापति महोदय, मैं इन मांगों पर चर्चा करते हुए आपके माध्य म से सरकार का और इस सदन का ध्यानएक गंभीर समस्या की ओर ले जाना चाहता हूं ।

महोदय, विगत 13 अक्तूबर को मैं और मेरे दूसरे दलों के साथी अकाली सत्याग्रहियों की जेलों की दशा देखने के के लिए पंजाब गये थे । सबपसे पहले हम लोग बहादुर गढ़ किले में गहुंचे । वहां लगभग 2500 सत्याग्रही रखे गए थे यह एक पुराना किला है, लगभग साढ़े तीन सौ वर्ष पुराना । वहां पर जो हम लोगों ने देखा, वह सचमुच में हृदयविदारक था । अब चूंकि सत्याग्रही छोड़ दिए गए हैं इसलिए मैं उसमें नहीं जाना चाहूंगा क्योंकि अब वह अप्रसंगिक होगा, लेकिन उससे सम्बन्धित दूसरे बिन्दू की चर्चा करना चाहूंगा कि जब मैं वहां पर पहुंचा तो सत्याग्रहियों को देखने के बाद सत्याग्रहियों ने कहा कि यहां बिहार के भी

[श्री धनिक लाल मंडल]

बंदी हैं, जिनको चलकर आप देखिये । मुझे ताज्जुब हुआ कि बिहार के बन्दी कैसे पहुंच गये हैं । मेरी जब जिज्ञासा बढ़ी तो मैं उनको देखने के लिए गया।

लगभग तीस लोगों से मैं मिला जो बिहार के विभिन्न हिस्सों से पंजाब में काम करने के लिये गए हुए थे और जिनको पकड़कर जेल में रख दिया गया सत्याग्रहियों की सेवा शुश्रूषा करने के लिये।

यह कहा जा सकता है कि हम एक-पक्षीय बात कर रहे हैं। जब उनका चालान हुआ होगा, उनको जेल में रखा गया होगा, हम जो कह रहे हैं वह एक पक्षीय बात है। लेकिन मैं इस तरफ सरकार का ध्यान खींचना चाहूंगा – माननीय पण्डित जी यहां हैं – कि बहादुरगढ़ कोई जेल नहीं है। बहादुरगढ़ को फौरी तौर पर सत्याग्रहियों को रखने के लिये एक नोटिफिकेशन करके जेल का रूप दिया गया । वैसे वह कोई जेल नहीं है। वह साढ़े तीन सौ वर्ष पुराना किला है । वहां जंगलात हैं, उसमें सांप, बिछू आदि सभी प्रकार के जीव-जन्तु पाए जाते हैं। फिर, बिहार के तीस आदमी वहां कैसे पहुंच गए। यदि उन लोगों ने कोई अपराध किया और अपराध करने के सिलसिले में उनको गिरफ्तार किया गया और बजाय पंजाब के किसी जेल में भेजने के उनको बहादुरगढ़ किले में क्यों भेजा गया। इससे मेरा संदेह बहुत ही बढ़ गया । इसलिये, मैं सरकार से बार-बार निवेदन कर रहा हूं, दूसरे मौके का भी मैंने प्रयोग किया कि इन तीस बिहार के लोगों को मैंने बहादुरगढ़ फोर्ट में पाया।

सरकार यह कहती है कि वे लोग सचमुच अपराधी हैं, बिना टिकट यात्रा कर रहे थे इसलिए गिरफ्तार किया गया और इसीलिये जेल भेजा गया। लेकिन बहादुरगढ़ तो जेल नहीं है, वह तो पुराना किला है । सत्याग्रहियों को जगह नहीं रहने की वजह से या किसी और कारण से पंजाब की सरकार ने उचित समझा कि उनको बहादुरगढ़ किले में रखा जाए। बहादुरगढ़ किले में बिना टिकट यात्रा करते हुए यात्रियों को भेजने का क्या रहस्य हो सकता है? मैं बहुत ही अदब से सरकार से यह मांग करता हूं कि इसकी जांच होनी चाहिये, दोषी अफसरों को सजा मिलनी चाहिये और उन लोगों को जेल से रिहा कर देना चाहिए।

मैंने बात शुरू की है बिहार से, लेकिन पंजाब से संबंधित हो गया, इसलिये पंजाब के संबंध में इतना अर्ज कर देना चाहता हूं कि हिंसा चाहे किसी की तरफ से हो या अकालियों की तरफ से हो, हम उसकी भी निन्दा करते हैं। हम उसको कोई शाबाशी नहीं देते।

प्रो० ए०न० जी० रंगा: कई दफा।

श्री धनिक लाल मंडल: मैं एक ही बात कह रहा हूं, चाहे हिंसा किसी भी तरफ से हो या सत्याग्रहियों की तरफ से हो। सत्याग्रिहियों को हिंसा करनी ही नहीं चाहिये। कंकड़, पत्थर, ढेला, नहीं फेंकना चाहिये। इसलिये, मैंने कहा कि हिंसा चाहे किसी की तरफ से हो उसकी निन्दा होनी चाहिए।

पंजाब में अभी जो कुछ हो रहा है और जिस ढंग से उसको सुलझाने की कोशिश हो रही है, मेरी इसमें आशंका है कि हम लोग स्थिति को बिगाड़ रहे हैं, सरकार स्थिति को बिगाड़ रही है, सरकार स्थिति को ठीक से संभाल नहीं रही है। पंजाब की यह जो सिख कम्युनिटी है, बहुत ही सेंसिटिव और वोलेटाइल कम्युनिटी है। इनकी समस्याओं को जिस तरह से

हमको सुलझाना चाहिये, इनके आन्दोलनों को किस तरह से सुलझाना चाहिये, वह रास्ता हम अख्तियार नहीं कर रहे हैं, जिससे हमको यह आशंका है कि मामला और गम्भीर बन सकता है । इसलिये मैं हिंसा की निन्दा करते हुए सरकार से यह मांग करता हूं कि सरकार अकालियों की उचित मांगों की जल्दी से जल्दी पूर्ति करे । उनकी जो वाजिब मांगें हैं, उनकी पूर्ति होनी चाहिये ।

SHRI P. NAMGYAL: Do you want greater autonomy?

SHRI DHANIK LAL MANDAL: Why not? why not greater autonomy for Punjab? What is wrong in it? I have conceded it so many times.

उनकी वही एक मांग नहीं हैं । एक मांग को कहीं से आप उठा लेंगे और हवा बनाएंगे, जैसे अभी आपने कह दिया कि ट्रेटर्ज और आसानी से कह दिया तो यह ठीक नहीं होगा और एम० पी० को तो कम से कम इन शब्दों का इस्तेमाल नहीं करना चाहिये, अपने ऊपर काबू रखना चाहिये ।

मैं कह रहा था कि अकालियों की मांगों पर सरकार को ध्यान देना चाहिये । मेरी श्री प्रकाश सिंह बादल से बात हुई है । मैं उनसे मिल आया हूं । सरकार जो नैगोशिएशंज की बात करती है उससे वे लोग इन्कार नहीं कर रहे हैं । उनका कहना है कि अकालियों की जो मांगें हैं उन पर सरकार को अपना रुख स्पष्ट करना चाहिये, वह सुस्पष्ट होना चाहिये । किन मांगों को सरकार वाजिब समझती है और किन को नहीं, यह पता लगना चाहिये । मैं जेल में बादल जी से मिला हूं । तेरह तारीख को मैं गया था, बहादुरगढ़ से नाभा और लुधियाना । लुधियाना की जेल में मैं श्री बादल जी से मिला था । मैंने भी यही भाव व्यक्त किये थे । मैंने कहा था कि पहली बात तो यह है कि हिंसा नहीं होनी चाहिये । दूसरी, देश की अखंडता को ध्यान में रख कर ही कोई बात हो सकती है । इन दोनों बातों से वह पूर्णतः सहमत थे । उन्होंने स्वीकार किया कि सत्याग्रही को हिंसा नहीं करनी चाहिये । दूसरे, जहां तक देश की अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने की बात है, उससे भी वह सहमत हैं । उस पर किसी प्रकार की आंच नहीं आनी चाहिये । उन्होंने कहा कि हम लोग हिन्दुस्तान में रहते हुए, हिन्दुस्तान के संविधान को स्वीकार करते हुए, हिन्दुस्तान की अखण्डता और प्रभु-सत्ता को स्वीकार करते हुए जो हमारी बिल्कुल वाजिब मांगें हैं, उनको तो सरकार को स्वीकार कर लेना चाहिये । मैंने उनसे पूछा कि सरकार यदि वार्ता के लिये तैयार है तो क्या आप वार्ता करेंगे ? उन्होंने कहा करेंगे । लेकिन इसके पूर्व प्रधान मंत्री जी से तथा और लोगों से वार्ता हो चुकी है लेकिन मामला एक इंच भी आगे नहीं बढ़ा है । जब मैंने पूछा कि आप क्या चाहते हैं, तो उन्होंने कहा कि एक तो रावी, व्यास नदी के पानी के बटवारे के बारे में हमारी मांग यह है कि एक कमिशन नियुक्त होना चाहिये और वह जो भी फैसला करेगा उसको हम स्वीकार कर लेंगे । कैसे हम उनको ट्रेटर कह सकते हैं? माननीय सदस्य ने तो बहुत आसानी से ट्रेटर कह दिया है । माननीय सदस्य काश्मीर सरकार से जब बात करने का मामला आता है, उस वक्त तो सिसेशनिस्ट नहीं होते हैं, लेकिन जब सिख बात करना चाहते हैं .....

श्री पी० नामग्याल : हम स्टेट आटोनोमी के बाहर जाकर बात नहीं करते हैं । जो मांगें हैं, वे स्टेट के अन्दर रहते हुए ही हैं । आप को गलत-फहमी है ।

श्री धनिक लाल मंडल : जिस तरह से आप मांगें कर रहे हैं, वैसे ही वे भी कर रहे हैं । सिसेशनिस्ट होने की बात क्यों करते हैं ।

चण्डीगढ़ के मामले को आप लें । चण्डीगढ़ पंजाब का है, यह साफ बात है । इसको स्वीकार किया जा चुका है । जब पंजाब और हरियाणा बने थे, तब यह तय हो गया था कि चंडीगढ़ पंजाब का है । बादल जी ने कहा कि चण्डीगढ़ पंजाब को मिल जाना चाहिये । उसमें भी उन्होंने कहा कि एक जज सुप्रीम कोर्ट का पंच बना दिया जाये और उसका जो भी निर्णय होगा उसको हम स्वीकार कर लेंगे । ऐसी रीजनेबल बात जो आदमी कर रहा हो, उसके बारे में इस तरह की हवा बनाना मैं समझता हूं कि स्वस्थ वातावरण बनाने का काम नहीं है ।

अब मैं बिहार के संबंध में एक दो बातें कहना चाहता हूं । शास्त्री जी ने जो आंकड़े दिए, सही दिए । मैं दोहराऊंगा नहीं । मैं इतना ही अर्ज करना चाहता हूं कि यह एक ऐतिहासिक क्षण है । जब कि सरकार को निर्णय करना चाहिये । सत्यता के परीक्षण की यह घड़ी है ।

बिहार में सम्पूर्ण रूप से अकाल है । इस बात से इन्कार करना सत्य को झुठलाना है । इसलिये मैंने कहा यह सदन सत्य का घर है, सब के लिये और इस सत्य तथ्य को स्वीकार कर वहां के लोगों की जो मांग है कि बिहार को अकाल क्षेत्र घोषित करना चाहिये, इसमें विलम्ब नहीं होना चाहिये । उधर के माननीय सदस्य कह सकते हैं कि इससे केन्द्र सरकार का क्या संबंध बनता है ? मैं कहना चाहता हूं कि यह संबंध बनता है कि जिस पार्टी की सरकार यहां है, उसी पार्टी की सरकार बिहार में भी है और हम बिहार से आते हैं, वहां की जनता को हम नहीं बांट सकते हैं, राज्य और केन्द्र में । तो हम जिस जनता का प्रतिनिधित्व करते हैं, उसकी तरफ से मेरा कहना है कि बिहार को अकाल क्षेत्र घोषित करके तत्काल राहत का काम किया जाना चाहिये । यदि ऐसा नहीं किया जायेगा तो स्थिति हाथ से बाहर निकल जायेगी । जब काबू से बाहर हो जायेगी तो फिर हम लोग पीछे चल कर के सम्हालना भी चाहेंगे तो नहीं सम्हाल सकेंगे ।

बाढ़ के बारे में मेरा निवेदन है, पांडे जी यहां बैठे हुए हैं, बहुत जोर से यहां कहते हैं कि जो हिमालयन् रिवर्स है, उनके संबंध में हमारी नेपाल सरकार से बातचीत हो रही है । जिस जिम्मेदारी से माननीय पाण्डे जी कहते हैं उसी जिम्मेदारी से हम भी कहते हैं और चाहते हैं कि जल्दी समझौता करके कोई रास्ता निकालें । यह क्यों कह रहा हूं ? इसलिये कि बिहार की सभी नदियां नेपाल होकर आती हैं और उनकी वजह से बाढ़ और सूखा होता है । वहां जो नदियां हिमालय से निकल कर नेपाल होकर बिहार में आती हैं, उनको यदि नियंत्रित नहीं किया जायेगा तो बिहार को अकाल और बाढ़ से नहीं बचाया जा सकता है । क्योंकि पहले तो पानी बाढ़ लाता है और जब पानी ड्रेन आउट

करके गंगा द्वारा समुद्र में पहुंच जाता है तो सुखाड़ पड़ता है । इसलिये हमारी मांग है कि पांडे जी आप हमें केवल आश्वासन न दें, बिहार तो यों ही लगता है कि वह नासूर बन रहा है, पूरे देश का, लेकिन यह हमारे लिये कलंक की बात है । हमको उसको बचाना है । इसलिये गंगा या कोसी बेसिन पर समझौता कर के उसको नियंत्रित कर के बिहार को बाढ़ और सुखाड़ से बचावें । यही मेरी प्रार्थना है ।

SHRI PATTABHI RAMA RAO: Mr. chairman, I am happy that 11 hon. Members have taken part in this discussion and have made, quite valuable suggestions. They have also touched the problems in their respective areas according to what they feel. But I am surprised to note that the hon. members, some of them, who have spoken on the subject, are absent in the House even to hear my reply. I do not know whether it is worthwhile replying to their questions: yet I try to tell what I feel about them one by one.

The first speaker, Mr. Sudhir Giri, asked for grant for natural calamities. It is a reasonable request. But he must bear in mind about the availability of the fund at the Centre.

16.50 hrs.

MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair.*

It is not as if it is from a well that we are drawing water. It is according to the money that we have, that we have to give it to the States.

SHRI DHANIK LAL MANDAL: You are wasting money on ASIAD!

SHRI PATTABHI RAMA RAO: That is absolutely in the interests of the country. Our name will go up in the world. We have to encourage youngsters and sportsmen. You and I are old people. We may not understand it. The youngsters will know it .... (*Interruptions*)

SHRI DHANIK LAL MANDAL: People are dying in ASIAD.

SHRI PATTABHI RAMA RAO: ....even if people die. (*Interruptions*). That is not the question. You should never compare ASIAD games and people dying. By overage some people die. We cannot help it. They have lived enough and they die. We cannot help it. That question does not arise. Being a senior member you should not compare them; do not bring in those deaths in connection with ASIAD. ASIAD is an absolute necessity. It brings us credit and youngsters will be encouraged.

MR. DEPUTY-SPEAKER: There should be some veterans' race in which you and Mr. Mandal can participate. That is why he is referring to ASIAD.

SHRI PATTABHI RAMA RAO: I cannot do it, but he may do it. He will win it.

MR. DEPUTY-SPEAKER: If there is a world Ministers veterans' race, then Mr. Mandal and you also can participate in it.

SHRI PATTABHI RAMA RAO: Thank you.

The Budget provision of Rs. 103 crores for non-Plan grants to States on account of natural calamities has become inadequate in the wake of unprecedented floods in Bihar, Orissa, Uttar Pradesh and Assam, besides devastating cyclone in Orissa, Andhra Pradesh and Tamil Nadu in the current financial year. An additional Supplementary Grant of Rs. 75 crores has therefore been required.

Shri Girdhari Lal Vyas raised the problem faced by Rajasthan on account of severe drought. The Rajasthan Drought Central Team visited the State from 4th to 7th May, 1982. The ceiling of expenditure approved on the basis of the recommendation of the Team is Rs. 37.03 crores. Against this, an on account payment of Rs. 20 crores has since been released.

[Shri Pattabhi Rama Rao]

Shri J. S. Patil said that the agricultural prices are not remunerative. As the House is aware, agricultural prices are revised each year, having regard to the cost of the inputs and other factors and also keeping in mind the consumers on one side. If the prices are increased abnormally, the price the consumer has to pay will also go up. So, balancing these two, the prices have been given and apart from that the Agricultural Prices Commission recommends every year after taking all these into consideration. I am sure that this year the Government have been more liberal than the recommendations made by the Commission.

Mr. Patil also referred to the deficiencies in the implementation of the mid-day meals programme for Scheduled Castes/Scheduled Tribe and other poor children in Maharashtra's primary schools. This programme is entirely a State subject and we can give some assistance when it is possible. Actually, it is the State that has to look to such programmes as these and the Government of India does not come into the picture.

Shri Arjun Sethi referred to the Supplementary Demands of Rs. 200 crores for fertilizer subsidy. This demand has been necessitated not only on account of higher cost of production at Ramagundam and Talcher Projects but also due to increase in the cost of inputs and utilities of various fertilizer units in the country. There had been a steep increase in the input costs—naural gas, fuel, oil, naphtha, etc. Therefore, the retention prices had also to be increased. No doubt, he has supported the Supplementary Demands, but he has referred to the drought conditions in Orissa.

The Orissa Government sent a request for assistance of Rs. 57.93 crores. A central team has visited the State to assess the quantum of assistance and a decision in this regard will be taken after further discussion with the State Government, which is considered necessary.

There are further reports of drought continuing in the State. But a detailed memorandum from the State Government in this regard is awaited.

For cyclone relief, the State Government sought assistance of Rs. 125.44 crores. Against this, ceiling of expenditure sanctioned by the Central Government is Rs. 56.56 crores and Rs. 25 crores have been released so far.

For flood relief, the amount asked for by Orissa is Rs. 618.40 crores. The central team had visited the State and its report was considered by the high level Committee on 15.10.82 and a decision on the quantum of assistance to be released to the State Government will be taken shortly. Meanwhile, 'on account' payment of Rs. 30 crores has been made.

My good friend, Shri Chitta Basu, referred to the recovery of loan provided by the Government of India to clear the amount of overdraft incurred by the West Bengal Government during the first three months of 1982 i.e. January to March, within the current year. The hon. Member has an erroneous impression of the arrangements made for the clearance of States' overdrafts at the end of March, 1982. The recovery of loans provided to cover overdrafts incurred during the first three months of the current financial year viz. April to June will be effected within this year. This is logical as the excess deficit was resorted to in the current year.

It may also be mentioned that the Central Government has already given loans of Rs. 1743 crores for clearing the deficits of States up to 31.3.82.

PROF. N. G. RANGA: Is it for the whole country?

SHRI PATTABHI RAMA RAO: For the whole country.

After all, the resources of the Central Government are also limited and it cannot assume unlimited burden on account of State Governments.

17 hrs.

Shri Chitta Basu referred to the allocation of the market borrowings between the Centre and the States during the Sixth Plan. The allocation of market borrowings is only one element for financing the Plan outlays of the States, for which a significant contribution comes by way of Central assistance. To the extent the market borrowings for States were increased, the capacity of the Centre to contribute to the State Plans would have been affected. So, it would have made no overall effect.

Shri Chitta Basu also referred to the fact that the supplementary demands do not include anything for drought, which shows that the Centre is insensitive to drought. The budget estimates for 1982-83 include already a provision of Rs. 100 crores for drought. This, together with some savings expected from some other provision, is considered adequate for the time being. Drought conditions are being reported from various parts of the country only now and, unless an assessment is available of the requirement of funds, based on the reports of Central study teams that are going to visit various States, it would be premature to go in for additional funds.

Shri Ramavatar Shastri also spoke about the drought conditions and the difficult position of the States. As I stated already, the study teams are going to various States from where reports of drought have come, to see what exactly is the position and, as soon as their reports are received, they will be considered and we will see what exactly can be done.

Shri Namgyal, who comes from the highest peak in India, has referred to some of the problems of his region, which have got to be redressed as early as possible. We shall certainly go into each one of them, including the telephone exchange about which he spoke, and see what best can be done.

Shri Kandaswamy spoke in Tamil, but I was able to follow the English translation. I can assure him that more money is not given to the Vizag Steel Plant then to the Salem Steel Plant. Actually, the Salem Steel Plant has gone into production, whereas even the construction of the building has not started, so far as the Vizag Steel Plant is concerned. That is the difference. I am sure my predecessor, Shri Subramaniam has helped that State very much earlier in seeing to it that the Salem Steel Plant came into being. I would not say that came in our way, but anyway he helped the Salem plant, which has gone into production already. Certainly, Government will encourage it, as it is in the public sector.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Now you have an opportunity to help the Vizag Steel Plant.

SHRI PATTABHI RAMA RAO: The Finance Minister considers all States as equal. Shri Pranab Mukherjee has got a very good balanced mind. He will take interest in every State equally.

SHRI RAMAVATAR SHASTRI. What about drought? Will you declare Bihar a famine area or not?

SHRI PATTABHI RAMA RAO: The team is going to those areas. The team will assess the position.

SHRI RAMAVATAR SHASTRI: After the Report of the Team you will declare.

(Interruptions)

SHRI PATTABHI RAMA RAO: Mr. Gangwar has spoken on the subjects which do not come under the Grants, about petroleum etc. I would request him or suggest to him that he may write to the concerned Ministries

[Shri Pattabhi Rama Rao]

or Ministers to see that these points are sorted out.

Then, finally, Mr. Mandal, a seasoned politician and a former Minister, has spoken about the conditions of jails in Punjab and also about Bihar. We will look into all of them and see what best could be done.

Sir, I do not want to take more time of the House since we have to pass the Supplementary Demands.

SHRI RAMAVATAR SHASTRI: What about the Bombay strike? You did not say anything.

MR. DEPUTY-SPEAKER: You don't divert his attention.

SHRI PATTABHI RAMA RAO: We are good friends. We can talk outside.

MR. DEPUTY-SPEAKER: You meet him separately.

SHRI PATTABHI RAMA RAO: So, Sir, I move that the Supplementary Demands for Grants be passed.

MR DEPUTY-SPEAKER: Mr. Ramavatar Shastri and Mr. Shamanna moved cut motions. I hope they have no objection for putting their cut motions together.

SHRI RAMAVATAR SHASTRI: No objection.

MR. DEPUTY-SPEAKER: I shall now put all the cut motions to the vote of the House.

Cut motion Nos. 4 to 15 were put and negatived.

MR. DEPUTY-SPEAKER: I shall now put the Supplementary Demands for Grants (General) to the vote of the House.

The question is:

"That the respective supplementary sums not exceeding the amounts on Revenue Account and Capital Account shown in the third column of the Order Paper be granted to the President out of the Consolidated Fund of India to defray the charges that will come in course of payment during the year ending 31st day of March, 1983, in respect of the following demands entered in the second column thereof—

Demand Nos. 2, 12, 13, 14, 18, 26, 30, 31, 41, 42, 43, 55, 59, 62; 63, 64, 69, 71, 78, 79, 80, 82, 91; 92 and 98."

The motion was adopted.

17.06 hrs.

APPROPRIATION (NO. 4) BILL**

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI PATTABHI RAMA RAO): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill to authorise payment and appropriation of certain further sums from and out of the Consolidated Fund of India for the services of the financial year 1982-83.

MR. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

"That leave be granted to introduce a Bill to authorise payments and appropriation of certain further sums from and out of the Consolidated Fund of India for the services of the financial year 1982-83."

The motion was adopted.

SHRI PATTABHI RAMA RAO: **

Sir, I introduce the Bill.

Sir, I beg to move:

Published in Gazette of India Extraordinary, Part II, Section 2 dt. 19.10.1982.

**Introduced with the Recommendation of President.